दिन– रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 02 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का राज्य का बजट कल पेश किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी प्रस्तुत करेंगे बजट।

02. चालू रबी विपणन वर्ष में आगामी एक अप्रैल से होगी गेहूं की अधिप्राप्ति। एफसीआई ने कहा– किसान उत्पादक संघों के माध्यम से भी होगी गेहूं की सरकारी खरीद।

03. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने लोगों से प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना को जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया।

04. और, और, रमजान का पवित्र महीना शुरू। आज पहला रोजा।

———————————————————

वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का राज्य का आम बजट कल पेश किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी विधानसभा में आम बजट प्रस्तुत करेंगे। इससे पूर्व बजट सत्र के पहले दिन अट्ठाईस फरवरी को वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश किया गया। जिसमें राज्य का बेहतर आर्थिक विकास दर दर्शाया गया है। वहीं, चार मार्च को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा और सरकार का उत्तर होगा। पांच मार्च को बजट पर सामान्य विमर्श होगा। छह मार्च को बजट पर सामान्य विमर्श के साथ ही सरकार का उत्तर भी होगा। अट्ठाईस मार्च तक चलने वाले सत्र में कुल बीस बैठकें होंगी।

———————————————————

प्रदेश में गेहूँ की सरकार द्वारा खरीद का कार्य एक अप्रैल से शुरू होगा। भारतीय खाद्य निगम के बिहार क्षेत्र के प्रबंधक अमित भूषण ने बताया कि खरीद का कार्य पन्द्रह जून तक चलेगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न किसान उत्पादक संघ से बढ़े हुए एमएसपी मूल्य पर गेहूं की खरीद करेगा। श्री भूषण ने बताया कि एफसीआई पूरे राज्य में गेहूं की खरीद के लिए एक सौ इक्यावन क्रय केंद्र स्थापित करेगा। इस अभियान के तहत गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार चार सौ पच्चीस रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में एक सौ पचास रूपये प्रति क्विंटल अधिक है।

———————————————————

देशभर में जन औषधि जन चेतना सप्ताह की शुरूआत हो गयी है। यह कार्यक्रम सात मार्च तक चलेगा। इस अवसर पर नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के रथ और दस अन्य वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री नड्डा ने सभी लोगों से प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना को एक जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया।

———बाइट———

जन चेतना के माध्यम से जो हम लोग सात मार्च हम जन औषधि दिवस मना रहे हैं और महत्वकांक्षी लक्ष्य लेकर प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हम सब लोगों ने तय किया है कि 2027 तक हम 25 हजार केंद्र तक हो जाएंगे। तो एक लंबी यात्रा हम लोग कर पा रहे हैं। जहां हमने 80 केंद्रों से शुरू किया था आज हम 15 हजार केंद्रों तक खडे हैं। हम बीस हजार साल के अंत तक कर लेंगे और 25 हजार अगले साल तक कर लेंगे।

इस अवसर पर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों पर मिलने वाली दवाएं आम दवाओं की तुलना में सत्तर से अस्सी प्रतिशत तक सस्ती हैं।

———बाइट————

इस योजना के माध्यम से आज हमने देशभर में पंद्रह हजार के करीब ऐसे स्टोर्स खोले हैं जिसमें आज आम नागरिकों को न केवल किफायती बल्कि गुणवत्तापूर्ण दवाएं और सर्जिकल इक्विपेंट्स मिल रहे हैं। दो हजार 47 के करीब दवाएं और तीन सौ से अधिक सर्जिकल उत्पाद जनता को बहुत ही कम दामों पर बाजार में जो ब्रेंडेड दवाएं मिलती हैं उनसे यदि तुलना करें तो 70, अस्सी प्रतिशत कम दामों पर यह सब उपलब्ध हो रहा है जिससे जनता की तीस हजार करोड रूपए की बचत हुई है।

————————————————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए फिट इंडिया मूवमेंट, पोषण अभियान, ईट राइट इंडिया और खेलो इंडिया सहित कई पहल शुरू की है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य स्वस्थ जन–जीवन सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात के संबोधन में मोटापे को कम करने के लिए राष्ट्रव्यापी जागरूकता और सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मोटापा स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है।

————————————————————————————

राज्य सरकार प्रदेश के किसानों को सौर ऊर्जा से बिजली उपलब्ध करायेगी। योजना के तीसरे चरण में बारह सौ मेगावाट बिजली सौर ऊर्जा संयंत्र के माध्यम से फीडरों के माध्यम से किया जायेगा। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि सौर ऊर्जा की मदद से कृषि फीडरों को बिजली मुहैया कराने से किसानों को निर्बाध बिजली

उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जून महीने तक प्रदेश के सभी किसानों को पटवन समेत अन्य कृषि कार्यों के लिए सौर ऊर्जा से बिजली का कनेक्शन दिया जायेगा। गौरतलब है कि प्रदेश में अब तक कृषि फीडरों से पांच लाख पचपन हजार किसानों को मुख्यमंत्री कृषि पम्प विद्युत कनेक्शन योजना के तहत लाभ दिया गया है।

———————————————————————

केन्द्रीय जांच अन्वेषण ब्यूरो, सीबीआई ने कहा है कि आईआरसीटीसी घोटाला के मुख्य साजिशकर्ता पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद और प्रेम चंद गुप्ता ही हैं। सीबीआई ने नई दिल्ली की विशेष अदालत में इस मामले में अपने दलीले पूरी करते हुये कहा कि सभी आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत है। इधर, इस मामले में लालू प्रसाद के वकील कल न्यायालय में अपना पक्ष रखेंगे। गौरतलब है कि यह मामला आईआरसीटीसी के दो होटलों का परिचालन अनुबंध एक निजी फर्म को देने में अनियमितताओं से जुड़ा है।

———————————————————————

राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता मनन कुमार मिश्रा को बार काउंसिल ऑफ इंडिया का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। वे सातवीं बार काउंसिल के अध्यक्ष चुने गये हैं। श्री मिश्रा का निर्वाचन निर्विरोध हुआ है।

———————————————————————

भाकपा–माले ने आज पटना के गांधी मैदान में पार्टी कार्यकर्ताओं की सभा बुलाई है। पार्टी के राज्य सचिव कुणाल ने बताया कि इस सभा को महाजुटान का नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभा में शामिल होने के लिए पार्टी महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और अन्य वरिष्ठ नेता पटना पहुंच चुके हैं।

———————————————————————

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, एनटीए ने कहा है कि स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट, सीयूईटी– यूजी परीक्षा आठ मई से एक जून तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। आवेदन भरने की अंतिम तिथि बाईस मार्च निर्धारित है।

———————————————————————

रमज़ान का पवित्र महीना शुरू हो गया है। आज पहला रोज़ा है। इससे पहले कल चांद देखे जाने के बाद तरावही की नमाज शुरू हो गयी। लोग बड़ी संख्या में मस्जिदों में पहुंचे और विशेष नमाज तरावीह अदा की। विशेष नमाज के लिए मस्जिदों और इबादतगाहों में खास इंतजाम किये गये हैं। रमजान इस्लामिक कैलेंडर का नौंवा

महीना है और महीने के अंत में ईद–उल–फ़ितर का त्योहार मनाया जाता है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रमजान की शुरूआत पर मुस्लिम धर्मावलंबियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि रमजान को लेकर बाजारों की रौनक बढ़ गयी है। सेवई, सूखे मेवे, फल और मिठाईयों की दुकान पर विशेष भीड़ देखी जा रही है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि मार्च महीने में प्रदेश के दक्षिण–पश्चिम भाग के कुछ जिलों में लू चलने की सम्भावना है। विभाग के अनुसार इस महीने प्रदेश का अधिकतम तापमान तीस से तैंतीस डिग्री सेल्सियस तक होने की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, कैमूर और भागलपुर समेत दस जिलों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की आशंका है।

———बाइट———

———————————————————————

रेलवे ने विभिन्न रेल खंडों पर नये रेल लाईन और पुलों के निर्माण से जुड़े कार्य के कारण आज से मई के प्रथम सप्ताह तक मेगा ब्लॉक लिया है। इसके कारण उत्तर बिहार से चलने वाली सत्तर ट्रेनें रद्‌द कर दी गयी है। वहीं, एक सौ बीस ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। रद्द ट्रेनों में पूर्वांचल एक्सप्रेस, जननायक एक्सप्रेस, देहरादून–मुजफ्फरपुर राप्ती–गंगा एक्सप्रेस, मौर्य एक्सप्रेस बापू धाम एक्सप्रेस ट्रेन शामिल है। वहीं, होली के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने आज से राजेन्द्र नगर, दानापुर, गया, मुजफ्फरपुर और सहरसा से नई दिल्ली के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

———————————————————————

बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में आज पटना में आनन्दोत्सव मनाया जायेगा। सम्मेलन के अध्यक्ष डॉक्टर अनिल सुलभ ने बताया कि आनन्दोत्सव का उद्‌घाटन सिक्कीम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद करेंगे। उत्सव में साहित्यकारों सहित कई हिन्दी सेवियों को सम्मानित किया जायेगा।

———————————————————————

जाने माने अध्यात्म गुरु और आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता श्री श्री रवि शंकर छह मार्च को पटना आयेंगे। वे सात मार्च को औरंगाबाद और पटना में कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। श्री श्री रविशंकर पटना में गांधी मैदान में आयोजित महा सत्संग में हिस्सा लेंगे और पवित्र सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के अवशेषों का अनावरण करेंगे।

———————————————————————

उत्तराखंड के चमोली जिले के माणा गांव में हिमस्खलन की घटना के बाद राहत और बचाव कार्य जारी है। इस दुर्घटना में फंसे बिहार के ग्यारह सहित पचास मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। शेष पांच लोगों की तलाश जारी है। हादसे में चार मजदूरों के मौत की भी खबर है। घटनास्थल पर सेना के जवान राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर चला रहे हैं।

———————————————————————

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने पटना के सैदपुर स्थित एसटीपी का संचालन करने वाली दो कम्पनियों पर एक करोड़ नौ लाख साठ हजार रूपये का जुर्मना लगाया है। पर्षद ने बताया कि दोनों कम्पनियां पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही थी। मल जल शोधन के मामले में पर्षद ने यह कार्रवाई की है।

———————————————————————

अररिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष छापेमारी अभियान चला कर पुलिस ने कालाबाजारी का लगभग बीस क्विंटल चावल, भारी मा़त्रा में देशी शराब और मादक पदार्थ बरामद किया है।

———————————————————————

आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट में आज भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। यह मैच दुबई में भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद ढ़ाई बजे शुरू होगा।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह से जुड़ी खबर पर लिखा है– बिहार में सरकारी शिक्षकों की संख्या पांच लाख अस्सी हजार पहुंची। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से कहा– बच्चों को अच्छे से पढायें।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मंत्रियों के प्रभार वाले जिलों में अब होगा बदलाव। अखबार लिखता है– नौ मंत्रियों के पास हैं वर्तमान में दो जिले के प्रभारी मंत्री का दायित्व।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– पांच साल में आठ राज्य लोक सेवा आयोगों की चौबीस परीक्षाएं विवाद में, तैंतालीस लाख पर असर। सबसे ज्यादा गड़बड़ियां राजस्थान, यूपी और बिहार में मिली।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. वित्त वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस का राज्य का बजट कल पेश किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी प्रस्तुत करेंगे बजट।

02. चालू रबी विपणन वर्ष में आगामी एक अप्रैल से होगी गेहूं की अधिप्राप्ति। एफसीआई ने कहा– किसान उत्पादक संघों के माध्यम से भी होगी गेहूं की सरकारी खरीद।

03. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने लोगों से प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना को जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया।

04. और, और, रमजान का पवित्र महीना शुरू। आज पहला रोजा।

——————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।